दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, सोमवार, 28 फरवरी 2022

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईपीओ जारी करने एवं निजीकरण के विरोध में ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन 28 एवं 29 मार्च को देशव्यापी हड़ताल करेगी

**रायपुर (आरएनएस)।** बीमा कर्मचारियों के अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन के अध्यक्ष कॉमरेड व्ही रमेश, महासचिव कॉमरेड श्रीकांत मिश्रा एवं सहसचिव कॉमरेड धर्मराज महापात्र ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि एलआईसी के आईपीओ का केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए जाने का कड़ा विरोध किया जाएगा। बीमा कंपनियों का निजीकरण, पॉलिसीधारकों के हित में नही है। निजीकरण एवं आईपीओ जारी करने के विरोध समस्त बीमा कंपनियां देशभर में राष्ट्रीय स्तर पर 28 एवं 29 मार्च को हड़ताल करेगी। पत्रकारवार्ता में मिश्रा ने बताया कि वे एसोसिएशन के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होने हैदाराबाद से रायपुर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि 5 करोड़ से शुरू होने वाली बीमा कंपनियां आज 28 हजार करोड़ का बीमा व्यसाय कर आम लोगो परिवारों को सुरक्षित कर रही है।

### नक्सलियों ने पूर्व वनमंत्री पर झूठ बोलने का लगाया आरोप

**बीजापुर (आरएनएस)।** नक्सलियों के पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। बता दें कि महेश गागड़ा ने पत्रकारों को समर्थन देते कांग्रेस और नक्सलियों के बीच सांठ-गांठ का आरोप लगाया था। पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन के नाम से जारी प्रेस विज्ञप्ति में नक्सलियों ने भाजपा कार्यकाल में हत्याओं में महेश गागड़ा को शामिल बताया है। वहीं भूपेश बघेल सरकार के 03 सालों के नरसंहारों के खिलाफ जनता द्वारा चलाए जा रहे आंदोलनों का उल्लेख किया गया है। नक्सली विज्ञप्ति में कहा गया है कि भाजपा और कांग्रेस सत्ता में आकर खूनी खेल खेलकर पेपर और मीडिया के जरिये झूठे प्रचार कर रहे हैं।

### मुठभेड़ में मारे गए दो महिला माओवादियों के शव और बरामद सामान लाया गया जिला मुख्यालय

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के नैमेड थाना क्षेत्र के दुरधा के पहाडिय़ों में हुए पुलिस माओवादी मुठभेड़ में मारे गए दो महिला माओवादियों के शव, बरामद हथियार और सामान जिला मुख्यालय लाया गया है। मारे गए महिला माओवादियों की शिनाख्त अभी तक नही हो पाई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ पंकज शुक्ला ने बताया कि डीआरजी और सीआरपीएफ 222 बटालियन की संयुक्त पार्टी माओवादी विरोधी अभियान में निकले हुए थे, इसी दौरान रविवार तडक़े 6 बजे के आस पास नैमेड थाना क्षेत्र के दुरधा के पहाडिय़ों में जवानों की माओवादियों से मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में जवानों ने दो महिला वर्दीधारी माओवादियों को मार गिराने में सफलता हासिल किया है।

### बाथरूम जाने के बहाने हथखडी खोलकर आरोपी फरार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से पुलिस का एक बार फिर लापरवाही पूर्वक रवैया सामने आए आम्र्स एक्ट जैसे संगीन आपराधिक घटना के आरोपी ने पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घटना राजधानी रायपुर के मौदहापारा थाने की बताई जा रही है आरोपी लक्ष्मी प्रसाद को कल राजबंधा मैदान के पास से आम्र्स एक्ट के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया था गिरफ्तार कर मौदहापारा पुलिस की टीम ने उसे थाने ले आई आरोपी बाथरूम जाने के बहाने खाने में ही हथकड़ी खोलकर फरार हो गया। इस घटना के बाद हडक़ंप मच गया है पुलिस की टीम आरोपी की पताशाजी में जुट गई है।

# राजस्व न्यायालयों में भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर अधिवक्ताओं ने निकाली विशाल महारैली

## प्रदेश भर के अधिवक्ता जुटे आंदोलन में, मिला व्यापक जनसमर्थन

**रायगढ़।** रायगढ़ अधिवक्ता संघ के आह्वान पर पूरे प्रदेश भर के अधिवक्ता आज रायगढ़ पहुंचे, जहां अंबेडकर चौक से शहर में महा रैली निकाली गई। राजस्व न्यायालयों में कथित रूप से व्याप्त भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर रायगढ़ में अधिवक्ताओं का अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी है। इसी कड़ी में आज प्रदेश भर के जिला अधिवक्ता संघों के सदस्य और पदाधिकारी रायगढ़ में एकत्र हुए हैं। इस मौके पर शहर में विशाल रैली निकाली जा रही है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों रायगढ़ तहसील के राजस्व न्यायलय में अधिवक्ताओं द्वारा की गई मारपीट के बाद अधिकारियों, कर्मचारियों की हड़ताल तो स्थगित हो गई है, मगर वकीलों का आंदोलन लगातार जारी है। रायगढ़ जिले के अधिवक्ता राजस्व न्यायलय का बहिष्कार किये हुए हैं, वहीं शहर के आंबेडकर चौक पर इनका धरना प्रदर्शन जारी है। आयोजित होने वाली इस रैली को भ्रष्टाचार के खिलाफ महासंग्राम के रूप में देखा जा रहा है।






अधिवक्ता संघ रायगढ़ की ओर से भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन में भाग लेने प्रदेश भर सभी जिला एवं तहसील मुख्यालयों से अधिवक्ता आज सुबह से ही रायगढ़ पहुंचने लगे थे। रायगढ़ के अंबेडकर चौक में धरना स्थल मैं सभी इकट्ठे हुए और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण के पश्चात रैली कलेक्ट्रेट होते हुए शनि मंदिर रामनिवास टॉकीज चौक, सुभाष चौक, गांधी प्रतिमा श्याम टॉकीज रोड होते हुए गद्दी चौक पुत्री शाला रोड तमस्कर, गौरी शंकर मंदिर गोपी टॉकीज और चक्रधर नगर चौक होते हुए अंबेडकर प्रतिमा के पास स्थित धरना स्थल में रैली का समापन होगा। रैली के पश्चात बीएसएनएल कार्यालय के सामने स्थित सिंधी धर्मशाला में प्रदेश के सभी जिला एवं तहसील मुख्यालयों से आए अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधियों के साथ आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।

### अधिवक्ताओं की प्रमुख मांगें

रायगढ़ जिला अधिवक्ता संघ सहित अब पूरे प्रदेश के अधिवक्ता संघों की यह मांग है कि राजस्व न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने की व्यवस्था की जाये। राजस्व न्यायालयों में लम्बे समय से पदस्थ अधिकारियों और बाबुओं का दूसरे जिलों में तबादला किया जाये। अधिवक्तओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये। रायगढ़ में राजस्व न्यायालय के जिस कर्मचारी ने एफआईआर दर्ज कराई है, उसके जाति प्रमाण पत्र की जांच की जाये, साथ ही जिन अधिकारियो-कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत की गई है, उनके खिलाफ जांच कराई जाये।

### रात्रि गस्त दौरान चोरी की तांबा पाइप के साथ पकड़ा गया युवक, जूटमिल पुलिस कार्यवाई कर भेजी जेल



**रायगढ़।** दिनांक 26-27/02/2022 की रात्रि जूटमिल स्टाफ द्वारा रात्रि गस्त दौरान तांबा पाइप के साथ एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया है। युवक से पूछताछ करने पर ओमप्रकाश यादव पिता स्वर्गीय राजू यादव उम्र 22 वर्ष निवासी अजीत पेट्रोल पंप के पीछे आवाज प्लांट ए ब्लॉक – 6 अमलीभौना चौकी जूटमिल रायगढ़ का रहने वाला बताया। गस्त स्टाफ द्वारा रात्रि तांबा पाइप लेकर घूमने का कारण पूछे जाने पर युवक चुप्पी साध गया, युवक के पास रखा तांबा पाइप चोरी का होने के संदेह पर युवक के पास रखा करीब 10 किलो वजनी तांबा पाइप कीमती 4000 रूपये का जप्त कर आरोपी पर धारा 41(1+4) CrPC/379 IPC की कार्रवाई कर आज दिनांक 27.02.2022 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। चौकी प्रभारी उत्तम साहू के नेतृत्व में कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र परिहार, आरक्षक गणेश पैकरा, प्रदीप मिंज एवं विक्रम सिंह की अहम भूमिका रही है।

### ग्राम कुटेला के "पुलिस जन चौपाल" में ग्रामवासियों को किया गया अपराधों के प्रति जागरूक




**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अन्तर्गत "पुलिस जन चौपाल" लगाकर रहवासियों को अपराधों तथा अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 25/02/2022को #सारंगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम कुटेला में पुलिस जन चौपाल लगाया गया। जन चौपाल में ग्रामवासियों को सारंगढ़ पुलिस स्टाफ द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित अपराध एवं उससे बचाव के उपाय बताए गए । उपस्थित महिला एवं बच्चों को फेरी वाले, जेवर चमकाने वालों एवं ठगी करने वालों से सावधान रहने बताया तथा पास्को एक्ट के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया कि पास्को एक्ट में पुलिस त्वरित कार्रवाई कर चालान न्यायालय पेश किये जा रहे हैं। चौपाल में ग्रामवासियों को दुर्घटनाओं से बचाने यातायात नियमों पालन करने की समझाईश दी गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाक्षेत्र में बीट सिस्टम को प्रभावी किये जाने के उद्देश्य को बताते हुए बीट अधिकारी, कर्मचारियों के नम्बर साझा किया गया तथा हेल्प लाइन नम्बर बताये गये है। इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा साइबर जागरूकता हेतु पोस्टर को भीड़ वाले स्थान पर चस्पा किया गया।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रामभांटा में बच्चों को पिलाई गयी पोलियो वैक्सीन

❖ विधायक एवं महापौर ने नवजात शिशु को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ



**रायगढ़ ।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ विधायक प्रकाश नायक एवं महापौर जानकी काटजू ने आज नन्हे बच्चों को दो बूंद पोलियो वैक्सीन पिलाकर किया। यह आयोजन हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रामभांटा के प्रांगण में किया गया। देश एवं प्रदेश से पोलियो की बीमारी को पूर्णत: समाप्त करने के लिये यह अभियान चलाया गया है।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2022 के सफल क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी के द्वारा कार्यक्रम के लिये सूक्ष्म कार्य योजना तैयार की गई है। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान अंतर्गत रायगढ़ जिले में 05 साल तक के 1 लाख 79 हजार 413 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद खुराक पिलायी जानी है। पोलियो ड्राप पिलाने के लिये जिले मे कुल 1890 पोलियो ड्रॉप सेंटर बनाये गए है जिसमें 25 ट्रांजिट टीम, 14 मेला बाजार स्थल एवं 28 मोबाईल दल, जिसमें कुल 4133 सदस्य एवं 402 पर्यवेक्षक उक्त अभियान में कार्य संपादन कर रहे है। इसके लिये सभी ग्रामों में कोटवारों द्वारा मुनादी कराई गई है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ एवं मितानिनों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में प्रथम दिवस आज बूथ पर दवा पिलायी जा रही है और द्वितीय व तृतीय दिवस में घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलायी जायेगी। इस अभियान में विभिन्न स्वयंसेवी एवं समाजसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता भी रूचि लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये योगदान दे रहे है।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद ईशकृपा तिर्की, डीएचओ डॉ.एस. टोप्पो जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी. पी.पटेल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी. जी.कुलवेदी,डीपीएम भावना महलवार, डॉ.योगेश पटेल नोडल अधिकारी,डब्ल्यूएचओ डॉ.प्रशांत मिडिया अधिकारी उमा महंत, चिकित्सा अधिकारी डॉ.काकोली पटनायक, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.राकेश कुमार वर्मा, चोलेश्वर सिंह पटेल, डॉ राघवेंद्र बोहिदार, हलधर यादव, सुनील पटेल, पंकज मिश्रा एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर रामभांटा के समस्त स्टाफ स्वास्थ्य कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## फरार दुष्कर्म मामले का आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार




**रायगढ़।** महिला संबंधी अपराधों में गंभीर एसपी अभिषेक मीणा द्वारा गत दिनों राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की मीटिंग पर सभी अधिकारियों को उनके डिवीजन के लंबित महिला संबंधी अपराधों का यथाशीघ्र निकाल कर प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराने निर्देशित किया गया था जिस पर नगर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल द्वारा कोतवाली सहित उनके पर्यवेक्षण के थानों के महिला संबंधी अपराधों की समीक्षा कर लंबित मामलों में आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

इसी क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा कोतवाली के लंबित दुष्कर्म के अपराध क्रमांक 392/2017 धारा 376 IPC के फरार आरोपी उत्तर प्रदेश निवासी राजबहादुर यादव निवासी जिला प्रतापगढ़ थाना नवाबगंज (UP) की गिरफ्तारी के लिये नवाबगंज में स्थानीय सूत्रों से सम्पर्क किया गया जिस पर कोई खास जानकारी हाथ नहीं लगी। थाना प्रभारी कोतवाली को आरोपी के विधानसभा क्षेत्र में 27 फरवरी को मतदान होने की जानकारी मिलने पर मुखबिरों को हिदायत दिया गया कि अवश्य ही आरोपी वोटिंग के लिये गांव आयेगा, निगाह रखकर सूचना देवें। तभी मुखबिर द्वारा आरोपी राजबहादुर यादव को उसके गांव में देखे जाने की सूचना दिया। आरोपी के उसके गांव में होना पुख्ता होने पर टीआई नागर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लेकर तत्काल उप निरीक्षक मान कुंवर एवं उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया के हमराह पुलिस टीम नवाबगंज रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा नवाबगंज में रूककर कई स्थानों में दबिश देकर आरोपी राज बहादुर यादव को धर दबोचा गया। पकड़े जाने के बाद भी आरोपी पुलिस टीम को राज बहादुर नहीं हूं कहकर गुमराह कर रहा था जिसकी पहचान कर आरोपी को स्थानीय कोर्ट में प्रस्तुत कर आरोपी को ट्रांजिट रिमांड लेकर आरोपी को रायगढ़ लाया गया।

आरोपी राजबहादुर यादव पिता स्व. माता प्रसाद यादव उम्र 40 वर्ष निवासी जनवामऊ थाना नवाबगंज जिला प्रतापगढ़ (UP) के विरूद्ध थाना कोतवाली में दिनांक 12.07.2017 को महिला द्वारा शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। राजबहादुर यादव डी. व्ही. पावर प्लांट में आपरेटर के पद पर कार्य करता था और धांगरडीपा किराये मकान में रहता था। जान पहचान के बाद राजबहादुर शादी कर पत्नी बनाकर रखने का विश्वास दिलाकर शोषण करने लगा और अप्रैल 2017 को फरार हो गया। आरोपी राज बहादुर यादव पीड़ित महिला को प्रतापगढ, मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया था। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में दुष्कर्म का अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नागर द्वारा आरोपी के साथ धांगरडीपा में रहने वाले उसके भाईयों का पता लगाया गया जो प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश के होने की जानकारी हुई। उसके बाद आरोपी के प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश में होना पता चला और पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी मनीष नागर, उप निरीक्षक मानकुंवर, बी.एस. डहरिया, प्रधान आरक्षक अनंत तिवारी, संजय तिवारी, आरक्षक कोमल तिवारी, हेतराम सिदार की अहम भूमिका रही है।


### 12 माह के अबोध बच्चे को पिता ने उतारा मौत के घाट

❖ हत्या बाद इधर उधर भटकर आरोपी ने स्वयं किया अपने आप को पुलिस के हवाले




**बेमेतरा (आरएनएस)।** बेमेतरा जिले में एक बार फिर दिल दहला देने वाली और मानवता को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है जहां पिता ने अपने ही मासूम बेटे को मौत के घाट उतार दिया, जब पिता शिव प्रसाद साहू ने ही अपने ही छोटे मासूम बेटे को जो कि महज 12 माह का था जिनका नाम हरिराम साहू बताया जा रहा है जिनको घर के बाहर खेत में ले जाकर कुल्हाड़ी से हत्या कर आरोपी फरार हो गया था , हत्या में मासूम बच्चे की गला शरीर से अलग हो गया है हत्या करने के बाद आरोपी स्वयं के खेत मे काम करने गए पत्नी को सूचना देकर की मैं अपने बेटे को मार दिया हु, अब हम दोनों दुश्मन हो गए है करके अपनी पत्नी को सूचना कर स्वयं मौके से फरार हो गए था। जिसके बाद फरार आरोपी इधर-उधर भटक कर अपने आप को पुलिस के हवाले कर दिया गया है पूरी वारदात शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे चंदनु चौकी क्षेत्र के ग्राम बुचिपुर की है।

## दो टिफिन बम, डेटोनेटर के साथ पांच नक्सली गिरफ्तार



**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी एवं थाना बीजापुर का बल ग्राम पदेड़ा, चेरपाल की ओर निकली थी। अभियान के दौरान पदेड़ा रेगडग़ट्टापारा नाले के पास 04 से नक्सलियों कोरसा सन्नू, मुन्ना हपका, मंगल कोरसा, सोनू हपका को गिरफ्तार किया गया हैं। वहीं आवापल्ली और मुरदण्डा के बीच एक नक्सली डीएकेएमएस सदस्य सुखराम कारम उर्फ लच्छु निवासी बेलम नेण्ड्रा को गिरफ्तार किया गया है। नक्सलियों के कब्जे से 02 टिफिन बम, डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर, बिजली का तार, नक्सली साहित्य, नक्सली पर्चा एवं पिटठू बैग बरामद किया गया। गिरफ्तार नक्सली सोनू कोरसा 2020 में मुनगा में पुलिस पार्टी के साथ हुए मुठभेड़ में शामिल था। वहीं नक्सली कोरसा सन्नू पर वर्ष 2006 में पुलिस पार्टी को जान मारने व कैम्प लूटने की नियत से सीआरपीएफ कैंप चेरपाल पर फायरिंग कर अटैक करने की घटना में शामिल था। गिरफ्तार नक्सली डीएकेएमएस सदस्य सुखराम कारम थाना आवापल्ली क्षेत्रान्तर्गत 22 दिसंबर 2021 को कमरगुड़ा मुरदण्डा मेन रोड पर निर्मित क्रशर प्लांट में खड़ी पोकलेन एवं जेसीबी वाहन में आगजनी की घटना में शामिल था। इसके विरुद्ध थाना बासागुड़ा में एक स्थाई वांरट लंबित है। 2011 में चेरपाल में पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर आरक्षक पवन मण्डावी की हत्या करने व एसपीओ रमैया पुसपुल का अपहरण कर हत्या करने की घटना में भी शामिल था।

## यूक्रेन से सकुशल लौटे छात्रों से मुख्यमंत्री बघेल ने की मुलाकात, कुशलक्षेम पूछा



**रायपुर (आरएनएस)।** यूक्रेन से भारत लौट छत्तीसगढ़ के छह छात्रों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा। यूक्रेन से प्रदेश के छात्रों के सकुशल वापसी के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार प्रयासरत है। छत्तीसगढ़ से यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई के लिए गए छह छात्रों की आज एयर इंडिया की फ्लाइट से नई दिल्ली वापसी हुई है। छात्रों के ठहरने के लिए छत्तीसगढ़ सदन में व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने इन छात्रों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना एवं उन्हें छत्तीसगढ़ में उनके घरों तक सकुशल वापसी का आश्वासन दिया।

यूक्रेन के विभिन्न शहरों से आ रहे छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों की वापसी का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार देर रात इसकी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा है - यूक्रेन से अपने निजी खर्चे से छत्तीसगढ़ लौटने वाले छात्रों और नागरिकों के खर्च का वहन छत्तीसगढ़ सरकार करेगी।

### यूक्रेन में फंसे बस्तर के छात्र-छात्राएं वहां से निकालने की अपील

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर के छात्र-छात्राएं भी यूक्रेन में फंसे हुए हैं, लगातार हो रहे हमले से परेशान इन छात्रों ने बस्तर के पत्रकारों से अपील करते हुए कहा कि हमारी व्यथा सरकार तक पहुंचाइये। बस्तर के दीप्ति और निहाल तोमर ने बताया कि शनिवार की दोपहर उनकी बाजू वाली बिल्डिंग में मिसाइल गिरी जिसके बाद से हॉस्टल में रह रहे सभी लोगों में भय व्याप्त हैं। अब तो उनके पास खाने की सामाग्री भी खत्म हो चुकी है। उन्होंने नम आंखों से अपील की है कि वे सरकार को वहां के हालात बताएं और उन्हें वहां से निकाले। छात्रों ने बताया कि वे यूक्रेन की राजधानी कीव में एक हॉस्टल में रहते हैं। अब तो आलम यह है कि यहां तक रूस के हेलिकॉप्टर पहुचकर हमला कर रहे है। इस बीच वे रात में बंकर में चले जाते हैं जिससे की अपने आप को सुरक्षित कर सकें, वहीं सुबह आने पर भी खतरा कम नहीं होता। जैसे ही सायरन बजता है वे फिर से अपने बंकर में चले जाते हैं। शनिवार को ही बगल की बिल्डिंग में हमला हुआ। अब मौत के खतरे के बीच रहना मुश्किल हो गया ह।

दीप्ति ने बताया कि हम यहां तीन दिन से फंसे हुए हैं। यहां काफी बमबारी हो रही है। हम 11 से 12 बजे रात को बंकर में जा रहे हैं और यहां सुबह बाहर आते हैं, बंकर में काफी ठंड होती है। छात्र निहाल तोमर ने बताया कि हमले की वजह से रातभर रहे तो खाना भी खत्म हो गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480